आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-102 कटनी ● शनिवार, 15 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## ब्याज दरों में 1 जुलाई से बड़ा बदलाव



कोरोना महामारी में देश की कमर तोड़कर रख दी है। इसका एक और असर छोटी बचत योजनाओं के घटे हुए ब्याज के रूप में नजर आ सकता है। कहा जा रहा है कि छोटी बचत योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ), मासिक आय योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर मिलने पर ब्याज में कटौती की जा सकती है। नई दरें 1 जुलाई से लागू होने की बात सामने आई है।

## कार-बाइक की टक्कर भाई-बहन की मौत



श्योपुर में बड़ौदा से बहन को ढोढर लेकर आ रहे युवक की बाइक को कार ने टक्कर मार दी। जिससे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उसे कोटा रेफर कर दिया गया।

# 2DG दवा अगले हफ्ते तक, होगी रामबाण

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर कहर बरपा रही है और इसी बीच वैक्सीनेशन पर जोर देने के लिए स्पूतनिक-वी के टीके भी अगले हफ्ते से बाजार में उपलब्ध हो जाएंगे। इसके अलावा कोरोना की एक और दवा जल्द ही बाजार में उपलब्ध होने लगेगी, जिससे कोरोना मरीजों का काफी राहत मिल सकती है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के अधिकारियों ने जानकारी दी कि कोरोना की दवा 2डीजी की 10,000 खुराक का पहला बैच अगले सप्ताह बाजार में उपलब्ध हो जाएगा। ये दवा कोरोना के मरीजों को जल्द ठीक करती है और उनकी ऑक्सीजन पर निर्भरता कम करती है। डीआरडीओ के निर्माताओं ने जानकारी दी कि दवा निर्माता भविष्य में उपयोग के लिए दवा के उत्पादन पर तेजी लाने पर काम कर रहे हैं। बता दें कि इस दवा को डीआरडीओ की एक टीम ने विकसित किया है। संकट के समय में वरदान मानी जा रही इस दवा को तैयार करने के पीछे तीन वैज्ञानिकों का दिमाग रहा है। ये हैं डॉ. सुधीर चांदना, डॉ. अनंत नारायण भट्ट और डॉ. अनिल मिश्रा। 2-डीजी (2-डीऑक्सी-डी-ग्लूकोज) दवा को ऐसे समय मंजूरी मिली है जब भारत कोरोना वायरस की महामारी की दूसरी लहर से घिरा है और देश के स्वास्थ्य अवसंरचना पर भारी दबाव है। खास बात यह है कि यह दवा पाउडर के रूप में पैकेट में आती है, इसे पानी में घोलकर पीना होता है।




इस दवा को लेकर रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि कोविड-19 की चल रही दूसरी लहर की वजह से बड़ी संख्या में मरीजों को ऑक्सीजन और अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ रही है। इस दवा से कीमती जिंदगियों के बचने की उम्मीद है क्योंकि यह दवा संक्रमित कोशिकाओं पर काम करती है। यह कोविड-19 मरीजों के अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि भी कम करती है। बता दें कि पिछले साल कोरोना महामारी शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तैयारियों करने का आह्वान किया गया, जिसके बाद डीआरडीओ ने इस दवा पर काम शुरू किया।

# पावन बेला में खुले गंगोत्री धाम के कपाट

## प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री ने कराई पहली पूजा

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के मिथुन लग्न की शुभ बेला पर शनिवार को आज प्रातः साढ़े सात बजे पर विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट छह माह के लिए खोल दिए गए। कोरोना महामारी के मद्देनजर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार इस बार बिना श्रद्धालुओं के कपाट खोले गए। कपाटोद्घाटन पर पहली पूजा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत द्वारा भेंट स्वरूप भेजी गई 1101-1101 रुपये की धनराशि के साथ हुई। शुक्रवार को शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव से मां गंगा की भोग मूर्ति को डोली यात्रा के साथ गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया गया था। डोली यात्रा भैरोंघाटी स्थित प्राचीन भैरव मंदिर में रात्रि विश्राम के पश्चात आज शनिवार को तड़के गंगोत्री पहुंची। सुबह साढ़े सात बजे गंगोत्री मंदिर के कपाट खुले। कोविड महामारी के चलते इस बार तीर्थ पुरोहितों के गांव मुखबा में कोई विशेष उत्साह नहीं दिखा। कल गंगा मंदिर में मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना की गई। गर्भगृह से मां गंगा की भोग मूर्ति के साथ ही मां सरस्वती एवं मां अन्नपूर्णा की मूर्ति को बाहर निकालकर डोली में विराजमान किया गया।



## क्रिक अपडेट



### भारत के श्रीलंका दौरे पर कोरोना का साया, फिर टल सकती है 6 मैचों की सीरीज

**नई दिल्ली।** भारत-श्रीलंका के बीच होने वाली सीरीज पर इस बार भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। जुलाई में भारत बनाम श्रीलंका के बीच 6 मैच होने वाले हैं, इसमें तीन वनडे और तीन टी-20 शामिल है, लेकिन श्रीलंका में कोरोना की तेज रफ्तार को देखते हुए इस बार भी मैचों को आगे के लिए टाला जा सकता है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड भी भारत के इस दौरे को लेकर चिंतित है। पिछले एक सप्ताह में श्रीलंका में 16 हजार से ज्यादा कोरोना के नए मामले सामने आए हैं, वहीं 145 से अधिक मौतें हो चुकी हैं।

### बंगाल और छत्तीसगढ़ में लगा संपूर्ण लॉकडाउन

**कोलकाता, रायपुर।** पश्चिम बंगाल सरकार ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते एक बड़ा फैसला लिया है। बंगाल में 16 मई से 30 मई तक राज्य में संपूर्ण लॉकडाउन लगाने का एलान किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ के रायपुर में 31 मई तक बढ़ा लॉकडाउन छत्तीसगढ़ के रायपुर में 31 मई सुबह छह बजे तक लॉकडाउन बढ़ाने का फैसला किया गया है। कुछ शर्तो के साथ ये लॉकडाउन लगाया गया है।

### दिल्ली में खोले जाएंगे ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक- केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जानकारी दी कि राज्य में पॉजिटिविटी दर 11 फीसदी तक आ गई है। दिल्ली में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक खोले जा रहे हैं, जो घरों में रह रहे कोरोना मरीजों तक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की आपूर्ति करेंगे। हर जिले में 200 कंसंट्रेटर बैंक खोले जाएंगे।

### उत्तराखंड में अब तक 2000 पुलिसकर्मी कोरोना से संक्रमित

उत्तराखंड के डीजीपी ने बताया कि राज्य में अबतक 2000 पुलिसकर्मी कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 300 पुलिसकर्मी देहरादून से हैं, जबकि 235 जवान उधम सिंह नगर और 222 हरिद्वार जिले से हैं।

# भारत को कोरोना से बचाना है तो अगस्त से रोज 90 लाख लोगों को लगानी होगी वैक्सीन

## टीकाकरण तेज करने के प्रयास, लेकिन वैक्सीन की किल्लत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का प्रकोप जारी है। कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए कोविड टीकाकरण अभियान तेज करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन वैक्सीन की किल्लत इसमें बाधा बन रही है। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि कोरोना वैक्सीन की उपलब्धता अगले महीने से बढ़ जाएगी। सरकार का अनुमान है कि 18 से 44 साल के लोगों के लिए वैक्सीन की किल्लत जुलाई से दूर हो जाएगी, जिसके बाद दिसंबर तक पूरी वयस्क आबादी (करीब 94 करोड़) का टीकाकरण का लक्ष्य है। आइए बताते हैं कि केंद्र को पूरी आबादी का टीकाकरण करने के लिए प्रतिदिन कितने लोगों को लगानी होगी वैक्सीन...



केंद्र सरकार ने अनुमान लगाया है कि अगस्त से दिसंबर के बीच देशभर में 200 करोड़ वैक्सीन की डोज उपलब्ध होंगी, जिससे 18 से 44 साल वाले आयु वर्ग के लोगों को तेजी से टीकाकरण किा जा सकेगा। साथ ही सरकार ने कहा कि इस साल के अंत तक 18 साल से अधिक उम्र वाले सभी लोगों को वैक्सीनेशन कर दिया जाएगा।

### अब तक हर रोज 15 लाख डोज लगीं

देश में 16 जनवरी को दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू हुआ। इन 120 दिनों में भारत में अब तक करीब 18 करोड़ वैक्सीन की डोज लगाई गई है। अगर औसत की बात करें, तो एक दिन में भारत ने अब तक 15 लाख वैक्सीन के डोज लगाए हैं। हालांकि, पिछले चार महीने में टीकाकरण की रफ्तार सुस्त जरूर हुई है।

### टीकाकरण में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा भारत

देश में हर दिन 90 लाख डोज लगाई जाएंगी। अबतक किसी देश ने एक दिन में इसकी आधी डोज भी नहीं लगाई हैं। भारत के नाम ही एक दिन में सबसे ज्यादा डोज लगाने का रिकॉर्ड है, जो उसने 5 अप्रैल को बनाया था, तब एक दिन में 41.6 लाख डोज लगाई गई थीं।

# एमपी में ब्लैक फंगस उपचार के लिए पांच मेडिकल कालेजों में विशेष वार्ड

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दिये निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्लैक फंगस के उपचार के लिए मध्य प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेज भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर और रीवा में विशेष वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। कोरोना संक्रमण से ठीक होने के बाद अब मरीज ब्लैक फंगस के शिकार हो रहे हैं।




### देश में संक्रमण से राहत

राज्यों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को देश में कोरोना वायरस के कुल 3,26,332 केस दर्ज किए गए। इस दौरान 3,883 लोगों की मौत हुई। गुरुवार को देश में कुल 3,43,122 मामले सामने आए थे जबकि 3994 मरीजों की मौत हो गई थी। हालांकि पिछले सात दिन के आंकड़े बता रहे हैं कि रोजाना के मामलों में कमी आई है। शनिवार को जहां 3.91 लाख केस दर्ज किए गए थे वहीं गुरुवार को 3.43 लाख केस दर्ज किए गए थे। लेकिन रोजाना हो रही मौतों की संख्या उच्च दर पर बनी हुई है। सात दिन का औसत रोजाना करीब 4 हजार मौतों का है।

### 31 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच हुई

देश में अब तक कोविड-19 के लिए 31 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है और सकल संक्रमण दर थोड़ा बढ़कर 7.72 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, दैनिक संक्रमण दर में थोड़ी गिरावट आई है और यह 20.08 फीसदी हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में कुल उपचाराधीन मरीजों की संख्या 37 लाख चार हजार 893 है, जो देश के कुल मामलों का 15.41 प्रतिशत है। राष्ट्रीय मृत्यु दर फिलहाल 1.09 प्रतिशत है। कोविड-19 से होने वाली नयी मौतों में दस राज्यों की 72.70 फीसदी हिस्सेदारी है। देश में कोविड-19 के टीके की तकरीबन 18 करोड़ खुराक अब तक लोगों को दी जा चुकी है। देश में कोरोना वायरस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 39,923 नए मामले दर्ज किए गए। इसी अवधि में यहां 53,249 मरीज ठीक हुए और 695 की मौत हो गई। राज्य में अब कोरोना संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 53 लाख नौ हजार 215 हो गई है

## मर गई इंसानियत, एमपी के इंदौर में वारदात

# कोरोना संक्रमित युवती से गैंगरेप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के शहर इंदौर से एक बेहद खौफनाक घटना सामने आई है। इंदौर में चोरी की नीयत से आधी रात में एक घर में घुसे तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर युवती से गैंगरेप किया। युवती कोरोना संक्रमित होने के बाद होम क्वारंटीन थी। बदमाश 50 हजार नकद और दो मोबाइल भी ले गए। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को सीसीटीवी की मदद से तीन आरोपियों में दो को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अभी भी फरार है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी नाबालिग हैं। पीड़िता ने एसएसपी राजेश रघुवंशी को बताया कि कोरोना संक्रमित होने के बाद वह अपने घर में अकेली रह रही थी। गुरुवार रात 2 बजे उसकी नींद खुली, तो तीन लोग उसके पलंग के पास खड़े थे। बदमाशों ने चाकू, कटर और कैंची दिखाते हुए पैसों और गहनों की मांग की। युवती ने उन्हें 50 हजार रुपये और दो मोबाइल दे दिए। इसके बाद तीनों ने युवती के साथ गैंगरेप किया। कोरोना से कमजोरी के कारण युवती उनका विरोध नहीं कर पाई।



### पहले सेक्स करो फिर दूंगा आक्सीजन सिलेंडर

देश की चुनौतीपूर्ण स्थितियों ने मानवता को शर्मसार कर दिया है. कुछ लोग लाचार लोगों का फायदा उठा रहे हैं। ऐसी ही एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक लड़की ने अपने पिता के लिए ऑक्सीजन की मदद मांगने पर उसे लड़के ने कहा मेरे साथ पहले सेक्स करो फिर ऑक्सीजन दूंगा। चौंकाने वाली घटना दिल्ली में सामने आई है। एक लड़की ने अपने पिता के लिए ऑक्सीजन की मदद मांगने पर उसे लड़के ने कहा मेरे साथ पहले सेक्स करो फिर ऑक्सीजन दूंगा. एक लड़की ट्विटर इस बारे लोगों को जानकारी दी।



### ममता बनर्जी के छोटे भाई का कोरोना से निधन

**कोलकाता।** देश में कोरोना का कोहराम थमने का नाम नहीं ले रहा है। इधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के छोटे भाई का कोरोना के चलते निधन हो गया। ममता बनर्जी के छोटे भाई असीम बनर्जी ने शनिवार सुबह आखिरी सांस ली। कोलकाता के मेडिका सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल के चेयरमैन डॉ. आलोक रॉय ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ममता बनर्जी के छोटे भाई असीम बनर्जी का अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह असीम बनर्जी ने आखिरी सांस ली।

# कोरोना को लेकर पीएम की बैठक

## कई केन्द्रीय मंत्री शामिल, बड़ा फैसला संभावित

**नई दिल्ली।** देश में धीरे-धीरे ही सही कोरोना की दूसरी लहर काबू हो रही है। प्रमुख राज्यों के साथ ही देश के प्रमुख महानगरों में केस घटे हैं। वहीं टीकाकरण में तेजी लाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। ताजा खबर यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बड़ी बैठक कर रहे हैं। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ ही आईसीएमआर के आला अधिकारी शामिल हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत देश के प्रमुख महानगरों में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से आती गिरावट से हालात कुछ सुधरते नजर आ रहे हैं।



**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भी करेंगे वीडियो कॉन्फ्रेंस**

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री आज दोपहर तीन बजे उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक करेंगे। इन राज्यों में कोविड की स्थिति और टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी।

## खतरनाक होता जा रहा चक्रवाती तूफान

**नई दिल्ली।** अरब सागर के ऊपर बन रहे हवा के कम दबाव के चलते गुजरात, महाराष्ट्र, केरल समेत देश के छह राज्यों पर चक्रवाती तूफान टॉक्टे का खतरा पैदा हो गया है। यह तूफान 16 मई को भारतीय तटों से टकराने की आशंका है। इससे भारी नुकसान का अंदेशा है। केरल में कई तटवर्ती इलाकों में शुक्रवार से ही बारिश शुरू हो गई है। समुद्र से ऊंची लहरों के उठने के कारण तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। तूफान के मद्देनजर सभी राज्यों में राहत और बचाव के उपाय अभी से शुरू हो गए है। प्रभाव की आशंका वाले छह राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 53 दल तैनात कर दिए गए हैं। प्रत्येक दल में पेड़ व बिजली के खंभे काटने, बोट और बचाव-चिकित्सा के उपकरणों से लैस 40 जवान हैं।



## नंदीग्राम में पीड़ित परिवारों से मिले राज्यपाल धनकड़




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा को लेकर राज्य में बड़ी संख्या में लोग डरे और सहमे हैं, हजारों लोग प्रदेश छोड़कर असम के शिविरों में शरण लिए हुए हैं। वहीं कुछ लोग घरों में ही खौफजदा हैं। राज्यपाल लगातार हिंसा पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें संत्वाना दे रहे हैं। श्री धनकड़ शनिवार को नंदीग्राम में पीड़ित परिवारों से मिलने उनके घर पहुंचे। लोगों ने हिंसा वाली रात की आपबीती राज्यपाल को सुनाई।

# अगले हफ्ते चार और राफेल विमान आएंगे

**नई दिल्ली।** राफेल विमानों का छठवां जत्था 19-20 मई को भारत पहुंचेगा। फ्रांस में भारतीय दूतावास की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक अगले सप्ताह तक 4 राफेल विमानों का एक नया बैच फ्रांस से भारत के लिए निकलेगा। इसके साथ भारतीय वायुसेना में राफेल विमानों की कुल संख्या 20 हो जाएगी, अभी तक फ्रांस से आए लड़ाकू विमानों को भारतीय वायुसेना में शामिल किया जा चुका है। ये विमान मेरिग्नैक-बोर्डो एयरबेस से सीधे अंबाला आएंगे। इसके साथ ही भारतीय वायु सेना पश्चिम बंगाल के हाशिमारा में 101 फाल्कन्स ऑफ चंब स्क्वाड्रन को फिर से जिंदा करने के लिए तैयार है। पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। इसके रनवे, गोला-बारूद डिपो, ब्लास्ट पेन और कर्मियों के आवास के अलावा रखरखाव के लिए जरूरी सामग्रियों के साथ तैयार किया जा रहा है। इस महीने के आखिरी तक इसे चालू कर दिया जाएगा। इस जगह विमानों की पार्किंग होगी। युद्ध के वक्त देश में कहीं से भी लड़ाकू विमानों का संचालन यही से होगा। साल 2016 में भारत और फ्रांस के बीच 36 राफेल विमानों का समझौता हुआ है। 2022 से पहले फ्रांस को सभी विमान देने हैं। अभी तक 20 विमान भारतीय वायुसेना के बेडे में आ चुके हैं। बाकी बचे विमान साल के आखिरी में आने की उम्मीद है।



# एक दुल्हन और दो दूल्हे! घर ही नहीं पूरा गांव सन्न

**कन्नौज।** जिले में तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दुल्हन एक थी और उससे ब्याह रचाने के लिए दो दूल्हे पहुंच गए। एक तय बरात के साथ आया था तो दूसरा प्रेमी खुद बरात लेकर पहुंच गया। दो-दो बरात देख लोग अचंभित रह गए। मामला पुलिस तक पहुंचा। घंटों चली पंचायत के बाद दुल्हन ने प्रेमी का चयन किया। इधर, तय बरात के साथ पहुंचे दूल्हे को मायूस देख गांव के ही एक परिवार ने अपनी बेटी से शादी कराई। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात सौरिख थाना क्षेत्र से दूल्हा बरात लेकर पहुंचा। दरवाजे पर बरात पहुंचते ही जनातियों ने उनकी खातिरदारी की। सभी कार्यक्रम हो जाने के बाद जब द्वार चार कार्यक्रम होने लगा उसी दौरान दुल्हन का प्रेमी छिबरामऊ थाना क्षेत्र से बरात लेकर आ पहुंचा। प्रेमी को देख दुल्हन खुशी से झूम गई। उसने आए दूल्हे से शादी से इंकार कर दिया। सभी कार्यक्रम होने के बाद शादी से इनकार की जानकारी लगते ही बरातियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी व दुल्हन को हिरासत में ले लिया। दोनों पक्षों के बीच बातचीत होने लगी इतने में प्रेमी की फर्रुखाबाद से शादी तय थी वहां 23 जून को बरात जानी निर्धारित थी। वह लोग भी कोतवाली आकर प्रेमी के शादी करने का विरोध करने लगे। तीनो पक्षों में चली घंटो पंचायत के बाद किशोरी के परिजनों ने दूल्हे का सामान वापस कर दिया। दूल्हे ने तिलक में ली बाइक भी वापस कर दी। उधर, प्रेमी की रूकाई में फर्रुखाबाद वालों की दी धनराशि को प्रेमी ने वापस कर एक दूसरे से समझौता कर लिया। तीनों पक्षों ने अपना-अपना समझौता लिखकर पुलिस को सौंपा। सीओ दीपक दुबे ने बताया कि कोतवाल शैलेंद्र कुमार ने सभी से समझौता पत्र लिया। इसके बाद दुल्हन की शादी उसके प्रेमी के साथ हुई।



## नदी पर पहरा: आज से एसडीआरएफ और जल पुलिस करेगी गंगा की निगरानी



**कानपुर।** गंगा में शव प्रवाहित किए जाने की घटनाओं को शासन ने गंभीरता से लिया है। केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रिपोर्ट मांगे जाने के बाद प्रदेश सरकार ने गंगा की निगरानी के आदेश दिए हैं। कानपुर कमिश्नरेट और कानपुर आउटर पुलिस अपने-अपने क्षेत्रों में गंगा की निगरानी करेगी। शासन ने कानपुर के लिए एसडीआरएफ की एक टीम तैनात कर दी है। स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम शनिवार को कानपुर पहुंच जाएगी। इसके साथ एक प्लाटून पीएसी भी तैनात कर दी गई है। यह टीमें बिल्हौर से महाराजपुर के ड्योढ़ी घाट तक गंगा में पेट्रोलिंग करेंगी। यदि कोई शव उतराया मिला तो उसे निकालकर अंतिम संस्कार कराएंगी। यदि कोई गंगा में शव प्रवाहित करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी करेगी।



# मीडिया कर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों को बड़ी राहत

## मुख्यमंत्री ने की कोरोना के निःशुल्क इलाज की घोषणा

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया के सभी अधिमान्य या गैर-अधिमान्य मीडियाकर्मी और संपादकीय विभाग के कर्मचारियों तथा इनके परिवार के सदस्यों के कोरोना से प्रभावित होने पर उनका निःशुल्क उपचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मीडिया के साथी कोरोना महामारी के काल में जन-जागृति का धर्म निभा रहे हैं। मीडिया साथियों के परिवार के कोरोना इलाज की चिंता भी सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने निवास पर जारी वीडियो वाइट में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के इस विकट संकट में हमारे मीडिया के साथी दिन और रात अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ कर रहे हैं। जनता तक जानकारियां पहुंचाने के अपने धर्म का निर्वहन करते-करते कई मीडियाकर्मी संक्रमित भी हुए हैं, कुछ का दुःखद स्वर्गवास भी हो गया है। ऐसे में यह आवश्यक है कि जो कोरोना संक्रमित हैं, उनके इलाज की उचित व्यवस्था हो। यदि कोई मीडियाकर्मी या उसके परिवार का सदस्य कोरोना संक्रमित होता है तो उसे उसके हाल पर नहीं छोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के संपादकीय विभाग में कार्य कर रहे सभी पत्रकार, डेस्क में पदस्थ पत्रकार साथी, कैमरामेन, फोटोग्राफर सभी को कव्हर किया जाएगा।



# पत्रकारों के मुफ्त इलाज की घोषणा से मिलेगा मीडिया को सम्बल

**कटनी।** मीडिया कर्मी लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, जो संकट की इस घड़ी में अपनी परवाह किये बगैर लोगों तक सूचना पहुंचा रहे समस्त पत्रकार अति सम्मानीय हैं, जिनकी चिंता प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को हर वक्त है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने उक्ताशय का बयान जारी कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समस्त पत्रकार ही नहीं उनके परिजनों के इलाज की मुफ्त घोषणा की करने पर आभार जताया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गत दिनों प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष के कटनी प्रवास पर कई पत्रकार मित्रों ने यह मांग भी रखी थी, जिसे लोकप्रिय सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया था। मुख्यमंत्री शिवराज ने यह उचित निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इससे अब गैर अधिमान्य पत्रकारों को भी लाभ होगा साथ ही उनकी किसी भी विपरीत परिस्थितियों की चिंता दूर होगी। पत्रकार जनता के लिये दिन रात सक्रिय रहता है अतः सरकार का कर्तव्य है कि वह पत्रकार में बिना किसी भेदभाव के चिंता करे। ईश्वर हर पत्रकार तथा उनके परिजनो को स्वस्थ रखे लेकिन अगर कोई विपत्ति आती है तो उसका ख्याल अब प्रदेश की भाजपा सरकार करेगी। पुनः जिलाध्यक्ष श्री पायल ने इस घोषणा के लिए मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष जी का आभार व्यक्त किया है।




### चौथे स्तम्भ की चिंता पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताया आभार



# 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से दौड़ रहीं ट्रेनें

### कटनी-बीना व कैमोर-झुकेही रेलखंड पर भी बढ़ी ट्रेनों की रफ्तार

कटनी। मेन लाइन पर परमानेंट स्पीड रिस्ट्रिक्शन यानि स्थाई गति प्रतिबंध के हटने के साथ ही ट्रेनें 110 किलोमीटर की हाई स्पीड से दौड़ती नजर आ रही हैं। ट्रेनों के परिचालन और गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिए पमरे के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने पीएसआई को हटाने के निर्देश दिए थे। जिसकी वजह से पिछले 10 से 15 वर्षों से पमरे के रेल खंडों पर ट्रेन संचालन की गतिशीलता प्रभावित हो रही थी। स्थाई गति प्रतिबंध के हटते ही जबलपुर रेल मंडल के बीना-कटनी रेलखंड में 40 किलोमीटर प्रति घंटे का प्रतिबंध हटा दिया गया। वहीं रतनगांव-सगोनी घाट खंड के बीच प्रतिबंध हटाने से ट्रेनों की स्पीड बढ़कर 110 किलोमीटर प्रतिघंटा हो गई है। इसी प्रकार जबलपुर रेल मंडल के झुकेही-कैमोर रेलखंड के नहवारा और मेहगांव स्टेशनों की यार्ड रीमॉडलिंग वर्क को पूरा कर 15 किमी प्रतिघंटा की गति प्रतिबंध को हटा दिया गया है।

### इलेक्ट्रिफिकेशन से भी बढ़ी रफ्तार

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल की सीमा से लगे सभी रेलवे स्टेशनों में विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है। इस वजह से ट्रेनों की रफ्तार पहले से ही तेज है। अब जब रफ्तार पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है तो न सिर्फ यात्री ट्रेनों की बल्कि मालगाड़ी की भी रफ्तार बढ़ी है। इसका फायदा गंतव्य तक पहुंचने वाली ट्रेन इस समय ही नहीं, समय से पूर्व पहुंच रही हैं। वहीं अब मालगाड़ी से भी समय पर माल पहुंच रहा है। इसका सीधा फायदा ना सिर्फयात्रियों को बल्कि व्यापारियों को भी हुआ है। यही वजह है कि रेलवे में माल बुकिंग करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

# शहर में 9 स्थानों पर बनाए गए माइक्रो कंटेनमेंट जोन

**कटनी।** कोविड-19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पाजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र/भवन कोएसडीएम एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर बलबीर रमन द्वारा आदेश जारी कर माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन घोषित किया है। इन चिन्हित माईक्रो कंटेनमेन्ट जोन में जारी निर्देशों के तहत नगर निगम के अमले द्वारा साफ सफाई, कीटनाशक दवा के छिड़काव सहित सैनेटाइजेशन की कार्यवाही निरंतर जारी है। कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत इंसीडेन्ट कमाण्डर द्वारा 9 नये माईक्रो कंटेनमेन्ट जोन घोषित किया गये हैं। क्षेत्रीय उपयंत्रियों से संकलित कर विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज राम जानकी हनुमान वार्ड के चार स्थलों साईं सर्वोदय स्कूल के पास राहुल सोनी, गोरे राशन दुकान गली में संदीप सिंह रावत, हर्ष पेलेश पवन कुमार तथा रोशन नगर स्थित सुनील विश्कर्मा, फारेस्टर वार्ड में संजय एवं हेमराज के भवन, विवेकानंद वार्ड लखेरा स्थित सुनीता दास एवं मिथलेश त्रिपाठी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित एन.के. जे में कृष्ण कुमार, आदि स्थलों पर माइक्रों कंटेनमेंट जोन के बेनर लगाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही की गई।




### 10 कोरोना फाईटर्स ने कोरोना को दी मात, भगवान महावीर कोविड केयर सेंटर से डिस्चार्ज




# कोविड से इस लड़ाई में जीत रहा कटनी

**कटनी।** जिले में कोरोना के संक्रमण से बचाव और कोविड पॉजीटिव मरीजों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने हर स्तर पर प्रयास जारी हैं। जिसमें शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक व अन्य संगठन भी अपनी सक्रिय सहभागिता के साथ ही इस लड़ाई में अपना योगदान दे रहे हैं। इन्ही प्रयासों के अब सार्थक परिणामें भी सामने आने लगे हैं। जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराकर मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इसमें मरीजों के मनोबल और चिकित्सीय सेवाओं के दम पर लोग स्वस्थ्य होकर अपने घर भी सकुशल पहुंच रहे हैं। इन्ही में शामिल हैं, पूजा, रोशनी, नताशा, विनीता, चांदनी, पिंकी, सोमा, विनीता, विभा और दुर्गा, जिन्होने कोरोना को मात दी। यह सभी कोरोना फाईटर्स 7 से 17 वर्ष उम्र के बच्चे हैं, जिन्होने अपने मनोबल, कोविड-19 की गाईडलाईन का सख्ती से पालन किया और कोविड को परास्त कर स्वस्थ्य हुये हैं। शुक्रवार को ये सभी कोरोना फाईटर्स भगवान महावीर कोविड केयर सेंटर से स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुये। जिसके बाद सकुशल अपने परिवार के बीच भी पहुंचे हैं। इन सभी का उपचार भगवान महावीर कोविड केयर सेन्टर में चल रहा था। जहां उन्हें चिकित्सीय परामर्श, दवायें और अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई गई, जिसके सार्थक परिणामों के तहत आज ये सभी सकुशल स्वस्थ्य होकर अपने-अपने घरों की ओर रवाना हुये।

# आज 44 केन्द्रों पर लगाया जा रहा कोविड-19 का टीका


**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। 15 मई को जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 44 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। कटनी शहरी क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर, एसीसी हॉस्पिटल कटनी, रेल्वे हॉस्पिटल और झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर, बड़वारा क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा, एसएचसी बरछेंका, एसएचसी अमाड़ी, एसएचसी विलायतखुर्द, एसएचसी सकरीगढ़, बहोरीबंद क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी बाकल, पीएचसी तेवरी, एसएचसी मसंधा, एसएचसी कुआं, एसएचसी कौडिया, एसएचसी बम्हौरी, ढीमरखेड़ा क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएससी ढीमरखेड़ा, पीएचसी खमतरा, पीएचसी सिलौंड़ी, कन्हवारा क्षेत्र अन्तर्गत पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, एसएचसी कैलवारा खुर्द, एसएचसी जुहला, एसएचसी पड़रिया, एसएचसी पिपरौंध, रीठी क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी, पीएचसी बिलहरी, पीएचसी बड़गांव, एसएचसी देवगांव, एसएचसी निटर्रा, बरही क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही, एसएचसी कुआं, एसएचसी खितौली, विजयराघवगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, पीएचसी घुन्नौर, पीएचसी कैमोर, एसएचसी कारीतलाई, एसएचसी भैंसवाही, एसएचसी देवराकलां में कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है।




### 18 प्लस का 6 स्थानों पर टीकाकरण

जिले में 15 मई को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन 6 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंधई ने बताया कि 15 मई शनिवार को पुरानी कचहरी परिसर में वेक्सीनेशन किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय प्राईमरी स्कूल टिकरिया लखेरा, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सीएलपी स्कूल पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला और तिलक कॉलेज में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लोगों का वेक्सीनेशन किया जा रहा है। सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के टीकाकरण केन्द्र एक्सीलेन्स स्कूल में आयोजित किया गया है, इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं।

# जान जोखिम में डालकर काम कर रहे जन स्वास्थ्य रक्षक एवं डायल 100 के पायलट





**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में करोना महामारी के संक्रमण को रोकने में प्रमुख रूप से जनस्वास्थ्य रक्षक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि केवल जिले में रोजाना पांच हजार मरीजों का इलाज जन स्वास्थ्य रक्षकों के परामर्श से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है। मप्र में जन स्वास्थ्य रक्षक योजना वर्ष 1995 से राज्य शासन द्वारा बनाई गई थी। इसका मूल उद्देश्य ग्रामीण जनों को साधारण बीमारियों का उपचार उनके गांव में ही सुलभ हो सके तथा जटिल बीमारियों वाले मरीजों को उचित चिकित्सा केन्द्र पर समय पर रेफर किया जा सके। इसके साथ-साथ विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भी जन स्वास्थ्य रक्षक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। ज्ञात है कि सन 1995 में जिले में 824 जन स्वास्थ्य रक्षकों ने 6 माह की ट्रेनिंग जबलपुर में ली थी, जिन्हें राज्य सरकार ने 3000 प्रति माह राशि भी प्रदान किया था और उनका स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएससी पेपर एक्जाम भी कराया गया था, जिसमे पास हुए व्यक्तियों को जन स्वास्थ्य रक्षक का प्रमाण पत्र दिया गया था। तद संबंध में जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को पत्र लिखकर अवगत कराया कि जन स्वास्थ्य रक्षक के साथ ही पुलिस विभाग में नियुक्त डायल 100 के पायलट, जो दिन रात सेवा में लगे हैं, उन्हे करोना योद्धा का दर्जा दिया जाए। उन्होंने पत्र में बताया कि जब पूरे पुलिस विभाग को कोरोना योद्धा का दर्जा प्राप्त है तो फिर उनके साथ काम करने वाले ड्राइवर जो मात्र 8500 प्रति माह का वेतन पाने वाले जिले की 20 गाड़ियों में सेवारत 60 ड्राइवर एवं उनके सुपरवाइजर के परिवार की भी चिंता करना आवश्यक है। श्री चौहान ने अपने पत्र में लिखा है कि कोरोना महामारी से लड़ने वाले कोरोना योद्धाओं के लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना बनाई है। यह योजना भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई कोविड-19 महामारी रोकथाम के लिए कार्य कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना पैकेज के अन्तर्गत विशेष बीमा योजना पर आधारित है। मध्यप्रदेश सरकार ने भारत सरकार की योजना का विस्तार कर उसमें स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा गृह विभाग को भी जोड़ा है जिसमें पात्र कर्मी इस योजना का लाभ कोविड-19 के कारण जीवन की हानि, सेवा के दौरान दुर्घटना से आकस्मिक मृत्यु होने पर मिलेगा। योजना की अवधि एवं सक्षम अधिकारी जिला कलेक्टर को नियुक्त किया गया था।

### कोरोना फाइटर घोषित किए जाने की मांग, कांग्रेस नेता ने लिखा पत्र

### सांसद कोविड सहायता केंद्र से छठवें दिन जरूरतमंदों को बांटे भोजन के पैकेट व काढ़ा

# समाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे भाजपा कार्यकर्ता

**कटनी।** शासकीय जिला चिकित्सालय पर आज छठवें दिन सांसद कोविड सहायता केंद्र से आमजनों की सहायता के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा-भाव के साथ पीड़ितों एवं उनके परिजनों की मदद की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो के लोकप्रिय सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार भाजपा के कार्यकर्ता संगठन अभियान -2 के माध्यम से लोगों की सेवा के लिए समाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। कोरोना पीड़ितों एवं उनके परिजनों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए जिला चिकित्सालय पर कोविड सहायता केन्द्र से कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों के परिजनों को भोजन के पैकेट, गर्म पानी, आयुष त्रिकुट काढा, सादा पानी, बिस्किट, फल, मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण लगातार आज छठवें दिन भी किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, संतोष पटेल, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, अभिषेक शर्मा,नवीन मोटवानी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा,नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, अज्जू रावत, मंगल तिवारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper



# पॉजीटिव मरीज को रात 12 बजे के पहले भेजें मैसेज

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, फीवर क्लीनिक और मोबाईल मेडिकल यूनिट के नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी

**कटनी।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं मप्र द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कोविड-19 की जांच के उपरांत सैम्पलों को मैप शासकीय एवं निजी आउटसोर्स प्रयोगशालाओं में निर्धारित अंतराल में भेजे जाने के लिये सैम्पल कलेक्शन केन्द्रवार सैम्पलों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही इस कार्य के लिये प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त करते हुये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सीएचसी बड़वारा के लिये डॉ. अनिल झामनानी, सीएचसी बहोरीबंद के लिये डॉ. अनुराग शुक्ला, सीएचसी बरही के लिये डॉ. रुकमणि, सीएचसी रीठी के लिये डॉ. बबीता सिंह, सीएचसी उमरियापान के लिये डॉ. आर.के. केवट, सीएचसी पहाड़ी के लिये

### सेम्पल कलेक्शन के लिए अफसर तैनात

डॉ. विजय राजश्री, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ के लिये डॉ. विनो, जिला अस्पाल के लिये डॉ. समीर सिंघई को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पीएचसी कन्हवारा के लिये डॉ. राज सिंह, पीएचसी बिलहरी के लिये डॉ. वर्षा बत्रा, पीएचसी कैमोर के लिये डॉ विनोद, पीएचसी स्लीमनाबाद के लिये डॉ. अनुराग शुक्ला, पीएचसी पहाड़ी के लिये डॉ. अनिल झामनानी, एमएमयू बड़वारा के लिये सीईओ जनपद ज्ञानेन्द्र मिश्रा, एमएमयू बहोरीबंद के लिये सीईओ जनपद मीना कश्यप, एमएमयू ढीमरखेड़ा के लिये सीईओ जनपद विनोद पांडेय, एमएमयू कटनी रुरल के लिये सीईओ जनपद राजेश नरेन्द्र सिंह, एमएमयू रीठी के लिये सीईओ जनपद प्रदीप सिंह, एमएमयू विजयराघवगढ़ के लिये सीईओ जनपद प्रभा तेकाम और एमएमयू कटनी अर्बन के लिये डॉ. अंचल शर्मा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

### सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक होगी सेम्पलिंग


अधिकारियों को जारी आदेश के तहत आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं, जिसके तहत प्रत्येक सेम्पल कलेक्शन केन्द्र पर सैम्पल कलेक्शन प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 6 बजे तक पूर्ण कर एसआरएफआईडी आरटी पीसीआर एप के माध्यम से एन्ट्री करने, एन्ट्री के उपरांत सैम्पलों के साथ लाईन लिस्टिंग सॉफ्ट एवं हार्डकॉपी में जिला टीकाकरण अधिकारी को सांय 7 बजे तक भेजने की जिम्मेदारी संबंधित बीएमओ को सौंपी गई है। इसी प्रकार प्रत्येक सैम्पल कलेक्शन सेन्टर में प्राप्त सैम्पल एवं लाईन लिस्टिंग जिला टीकाकरण अधिकारी को प्राप्त होने के उपरांत रिपोर्ट कंपाईल कर रात्रि 9 बजे तक लैब के अधिकृत व्यक्ति से संपर्क कर प्रदाय कर पावती प्राप्त कर नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत को उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### रात 12 बजे के पहले भेजा जाएगा मैसेज

जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा लैब के अधिकृत व्यक्ति से दूसरे दिन रात्रि 10 बजे तक प्रेषित सैम्पल की टैस्टिंग रिपोर्ट प्राप्त करने और रिपोर्ट प्राप्त होने की तिथि एवं समय से जिला नोडल अधिकारी को विलंब के कारणों से अवगत कराने के लिये कहा गया है। पॉजीटिव रिपोर्ट प्राप्त होने पर पेशेन्ट की आईसीएमआर पोर्टल या सार्थक पोर्टल पर प्रविष्टि कराने के साथ ही पेशेन्ट को एसएमएस रात्रि 12 बजे के पूर्व भेजने के लिये भी कहा गया है। इसके साथ ही जिले में कलेक्शन सेन्टर्स से एकत्रित सैम्पलों को जिला मुख्यालय में पहुंचाने एवं जिला मुख्यालय से लैब तक निर्धारित समय सीमा में पहुंचाने की मॉनीटरिंग के लिये अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अभय जैन को सैम्पल कलेक्शन इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

# संक्रमण रोकने में जुटे कोरोना विनाशक रथ





**कटनी।** कोरोना महामारी के संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु निगम के कोरोना विनाशक रथों एवं मिस्ट गन मशीन के माध्यम से रोजाना नगर के विभिन्न रहवासी स्थलों स्थलों, सार्वजनिक स्थलों में सोडिम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव किया जा रहा है। नगर के अधिक से अधिक स्थलों को विसंक्रमित किया जा सके इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के कुशल निर्देशन में योजनाबद्ध तरीके से नगर के वार्डो को दो भागों में वार्ड क्रमांक 1 से 23 एवं वार्ड क्रमांक 24 से 45 तक विभाजित किया जाकर सैनेटाईजर प्रभारी नियुक्त कर सैनेटाईजर अभियान चलाया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 1 से 23 तक के सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बधेल ने बताया कि सैनेटाईजेशन अभियान के माध्यम से कोविड सहायता केन्द्र जोन क्रमांक-1 ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिरहनी आंगनबाडी, जोन क्रमांक 3 टीसी बजान स्कूल परिसर, दुर्गा चौक चैक पोस्ट, पुराना जिला न्यायालय कचहरी परिसर वैक्सीनेशन केन्द्र, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र, मुख्य स्टेशन, मुडवारा स्टेशन परिसर सहित नगर के अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव किया गया। नगर के विभिन्न रहवासी स्थलों मे संक्रमण के प्रसार को रोकने के हेतु बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित पन्ना मोड गली नंबर 6 एवं 7, कैलवारा फाटक के पास स्थित गली, बस स्टेण्ड परिसर, जालपा देवी वार्ड में जालपा मंदिर के पास की गलियों तथा दौलती देवी घर्मशाला के बाजू वाली गली, सावरकर वार्ड संतनगर, वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक के आसपास के स्थल सहित अन्य स्थलों को विसंक्रमित किया गया। वार्ड क्रमांक 24 से 45 तक के प्रभारी पंकज निगम ने बताया कि संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु विभिन्न सार्वजनिक स्थलों दिव्यांचल कोविड केयर सेंटर, सायना कोविड केयर सेंटर, बालक छात्रावास राय कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड की समस्त गलियो को विसंक्रमित करने की कार्यवाही की गई।

# सब्जी मंडी पहुंचे अधिकारी, कराया प्रोटोकाल का पालन





**कटनी।** कोविड -19 संक्रमण की चैन को तोडनें एवं नागरिकों की सविधा हेतु कलेक्टर एवं प्रषासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देषन में नगर के विभिन्न चिन्हित स्थलों में कोविड प्रोटोकाल का पालन कराते हुए प्रातः 10 बजे तक व्यवसाय कराया जा रहा है।

ट्रांसपोर्टनगर सब्जी मंडी प्रभारी जे.पी.बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देषन में निगम प्रषासन के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रोजाना प्रातः 4 बजे से मंडी परिसर की आवष्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जाकर थोक सब्जी का व्यवसाय करानें के प्रयास किये जा रहे है। मंडी परिसर में रोको टोको अभियान के माध्यम से आनें वाले फुटकर सब्जी विक्रेताओं को मास्क पहननें एवं दो गज की दूरी पालन कर निर्धारित गोलों के अंदर से ही व्यवसाय करनें हेतु प्रेरित किया जा रहा है। अतिक्रमण प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना संक्रमण की चैन को तोडने के उद्धेष्य से निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा चिन्हित अन्य सब्जी मंडी स्थलों फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड कालौनी मैदान तथा माधवनगर उत्कृट विद्यालय के सामनें स्थित मैदान से आज प्रातः 10 बजे तक व्यवस्थित रूप से सोषल डिस्टेंसिंग के साथ व्यवसाय करानें की कार्यवाही की गई।

संक्रमण के प्रति जागरूकता लानें हेतु निगम वाहनों के माध्यम से सोषल डिस्टेंसिंग का पालन करनें हेतु उद्घोषणा की जाकर संक्रमण से बचाव हेतु अन्य आवष्यक उपायों को अपनानें की अपील कराई गई। कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया जाकर स्थाई रूप से एक जगह बठकर व्यवसाय करनें वालों की दुकानें बंद कराकर ठेले में सामग्री रखकर प्रातः 10 बजे तक नगर के विभिन्न स्थलों में भ्रमण कर व्यवसाय करानें की कार्यवाही की जा रही है।



# वालेंटियर्स कर रहे कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक

**बरही।** कोरोना के संक्रमण रोकने व कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने में मप्र जन अभियान परिषद बरही में पंजीकृत वालेंटियर्स द्वारा जिले के विकासखंडों में कार्य कर रहे हैं। अभियान निरंतर जारी है के इस क्रम में जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया के निर्देशन में बरही नगर के वार्ड क्रमांक 2 हरतला टोला एवं ग्राम बुजबुजा के ग्राम गढ़ोहा में बीएससी कीटनाशक पाउडर का छिड़काव किया साथ ही लोगों से कोरोना कर्फ्यू का पालन करने एवं घरों में सुरक्षित रहने के लिए तथा मास्क लगाने के लिए अपील की साथ ही नारों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

# शहर की स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयास






**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था के साथ कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु कीटनाशक दवा का छिड़काव सैनेटाइजेशन आदि के कारगार उपाय किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रात्रिकालीन नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई के साथ प्रातः से ट्रोसपोर्टनगर सब्जी मंडी सहित अन्य चिन्हित सब्जी विक्रय स्थलों की सफाई सोशल डिस्टेंसिंग हेतु चूनें की लाईनिंग व गोले का कार्य, जोन कार्यालय स्थित कोविड सहायता केन्द्रों, बस स्टेण्ड परिसर, इंदिरा नगर पावर हाउस गली सहित नगर के अन्य वार्डो की मुख्य एवं अन्य गलियों की सफाई के साथ ही सायना कोविड केयर केन्द्र, धर्मलोक हास्पिटल के मेडिकल वेस्ट के उठाव का कार्य किया गया। ईद पर्व को दृष्टिगत रखते हुए राम मनोहर लोहिया वार्ड अहमद नगर मस्जिद के पास जयप्रकाश वार्ड स्थित ईदगाह परिसर एवं आसपास, शिवाजी वार्ड स्थित मस्जिद के आसपास सफाई एवं चूने की लाईनिंग, राजीव गांधी वार्ड स्थित बैलटघाट बस्ती, मस्जिद के पास, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित मस्जिद के आसपास एवं पहुंच मार्ग, राम निवास सिंह वार्ड मस्जिद के आसपास, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित मदरसा के आसपास की सफाई सहित बरगवां मेन रोड सुलभ के पास मुख्य मार्ग, कटायेघाट मोड के पास, नदीपार स्थित सब्जी मंडी से इंदिरा नगर तक के मुख्य मार्ग के डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर की नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत महात्मां गांधी वार्ड स्थित गांधीगंज के विभिन्न स्थलों की नालियों, कावसजी वार्ड शमशान भूमि के सामने एवं दुर्गा मंदिर के सामने वाले नाले की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया।

### विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता दूतों द्वारा की गई साफ-सफाई

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर





# संक्रमण की चैन तोड़ने फिर बढ़ेगा लॉकडाउन

## आज जारी हो सकते आदेश, अत्यावश्यक सेवाओं को मिलती रहेगी छूट

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण से भले ही राहत मिल रही हो, लेकिन इस महामारी से बचाव के लिए अभी जिले में अगले कुछ दिनों के लिए लॉकडाउन को बढ़ाया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा आज शाम लॉकडाउन को बढ़ाने को लेकर नए आदेश जारी किए जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक जिले मं 24 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू घोषित किया जा सकता है। इस दौरान पहले की ही तरह अत्यावश्यक सेवाओं को छूट जारी रहेगी।



गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में कोरोना संक्रमण की समीक्षा करते हुए पए निर्देश जारी किए थे, जिसमे कहा गया था कि प्रदेश के जिन जिलों में संक्रमण की दर 5 प्रतिशत से नीचे हैं, वहां जिला आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में लॉकडाउन खोलने का निर्णय लिया जा सकता है, लेकिन जिन जिलों में संक्रमण की दर 5 प्रतिशत से अधिक है, वहां कोरोना कर्फ्यू लागू रहेगा। सीएम द्वारा जारी किए गए नए निर्देशों के बाद जिले में भी कोरोना कर्फ्यू करीब एक सप्ताह तक बढ़ाए जाने की पूरी संभावनाएं हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अप्रैल के महीने में पूरे देश के साथ कटनी जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा 9 अप्रैल की शाम 6 बजे से कोरोना कर्फ्यू लागू किया था। इस दौरान संक्रमण में कमी नहीं आने के कारण इसे बढ़ा दिया गया था। अभी 17 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक जिले में कोरोना कर्फ्यू प्रभावशील है। कोरोना कर्फ्यू से जिले में संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक भी लगा है। अप्रैल में जहां हर दिन औसतन 150 पॉजीटिव केस आ रहे थे तो वहीं अब मई के महीने में यह घटकर सैकड़ा से नीचे हो गए हैं। अप्रैल में जहां संक्रमण की दर 40 प्रतिशत को पार कर गई थी तो वहीं अब 10-11 प्रतिशत पर आ गई है। अप्रैल की तुलना में मई के महीने में संक्रमण की रफ्तार में कमी देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कोरोना कर्फ्यू के कारण ही जिले में संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगा है।

### इनका कहना है

मुख्यमंत्री द्वारा 5 प्रतिशत पॉजीटिविटी रेट वाले जिलों में डिस्ट्रिक्ट क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक लेकर लॉकडाउन खोलने पर विचार करने के लिए कहा गया है लेकिन कटनी जिले में अभी संक्रमण की दर 10-11 प्रतिशत के आसपास है, इसलिए आपदा प्रबंधन समूह के सदस्यों से बात करके कटनी जिले में लॉकडाउन को बढ़ाने को फैसला लिया जा रहा है। आज शाम तक नए आदेश जारी किए जाएंगे।

**-प्रियंक मिश्रा, कलेक्टर**

### कोरोना कर्फ्यू में अभी ढिलाई नहीं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी जान बचाना जरूरी है। कोरोना अभी तीन-चार साल रहेगा। उसके हिसाब से हमें खुद को ढालना होगा। प्रदेश में संक्रमण लगातार कम हो रहा है। कुछ जिलों में संक्रमण दर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है, फिर भी कोरोना कर्फ्यू में अभी ढिलाई नहीं दी जाएगी। हमें संक्रमण की कड़ी को पूरी तरह से तोड़ना है। न्यूनतम संक्रमण वाले जिलों में आपदा प्रबंधन समूह आने वाले समय में कर्फ्यू खोलने का फार्मूला बना लें। गांव, वार्ड, ब्लॉक और जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों से उन्होंने कहा कि कोरोना कर्फ्यू का पालन कराना सिर्फ कलेक्टर-कमिश्नर के वश की बात नहीं।



# कार से गांव में घूम रहा कोरोना पॉजीटिव युवक

## होम आईसोलेशन के नियमों की उड़ रही धज्जियां

**कटनी/रीठी।** कोरोना रिपोर्ट पॉजीटिव आने के बाद भी जिले में होम आईसोलेशन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शहर हो या गांव, लोग पॉजीटिव आने के बाद अपने घरों से निकलने से बाज नहीं आ रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में संक्रमण फैलने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। पिछले दिनों बहोरीबंद तहसील में ऐसा ही एक मामला सामने आने के बाद पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की थी, इसके बाद भरी पाजीटिव मरीज इससे सबक नहीं ले रहे। ताजा मामला रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम बांधा इमलाज का सामने आया है, जहां कोरोना संक्रमित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की कार को एक दूसरा पॉजीटिव व्यक्ति लेकर गांव में घूम रहा है। बताया जाता है कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और उसके पति के साथ ही कार चलाने वाले व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन करते हुए पॉजीटिव व्यक्ति घर से बाहर निकल रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि अब जबकि जिले में संक्रमण की दर कम हो रही है तो लोग इस तरह लापरवाही बरतते हुए संक्रमण को फैलाने का काम कर रहे हैं। पॉजीटिव व्यक्ति द्वारा कार में खुलेआम घूमने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कार में घूमने वाला व्यक्ति पॉजीटिव है और 10 मई की रिपोर्ट में उसका नाम भी है। पॉजीटिव होने के बाद इसे होम आईसोलेशन पर रखा गया था और स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके घर पर नोटिस भी चस्पा किया गया है। नोटिस के मुताबिक अगले 10 दिनों तक इसे नियमों का पालन करते हुए होम आईसोलेशन पर रहना है लेकिन इनके द्वारा नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। उधर दूसरी तरफ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पति के भी होम आईसोलेशन के नियमों का उल्लंघन करते हुए घर से बाहर निकलने की खबर है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत व वीडियो बनाकर अधिकारियों को कार्यवाही के लिए भेजा है।



**महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पति की है कार, दोनों है पॉजीटिव**

### इनका कहना है

होम आईसोलेशन के नियमों की अव्हेलना पर एफआईआर कराई जा रही है। बांधा इमलाज में कोरोना संक्रमित व्यक्ति के कार में घूमने की शिकायत मिली है। संबंधितों को कार्रवाई के कहा गया है।

**-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**

# हिरवारा के समीप तेज रफ्तार कार पलटी, चालक की मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत कटनी-देवरीहटाई पहुंच मार्ग पर ग्राम हिरवारा के समीप तेज रफ्तार कार पलटने से दुर्घटना के समय कार चला रहे युवक की मौत हो गई जबकि उसमें सवार अन्य युवकों को मामूली चोटे आई हैं। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू करते हुए कार को जप्त कर लिया है। दुर्घटना के संबंध में एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ निवासी 21 वर्षीय आदित्य पिता उमाशंकर द्विवेदी गुरूवार को अपने दोस्तों के साथ कार में घूमने निकला था। सभी दोस्त देवरीहटाई मार्ग पर कहीं गए थे। बताया जाता है कि लौटते समय ग्राम हिरवारा के समीप तेज रफ्तार कार बहक कर पलट गई। जिसके कारण उसमें सवार अन्य युवकों को तो मामूली चोटें आई लेकिन दुर्घटना के समय कार चला रहा आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर लिया है और कार को जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### दुर्घटना में घायल की मौत

उधर कुठला थाना अंतर्गत ग्राम बड़गांव में सड़क दुर्घटना में घायल एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के मुताबिक ग्राम गनियारी निवासी 18 वर्षीय मोनू पिता मुन्नालाल बर्मन बड़गांव रोड पर किसी अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से घायल हो गया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### कोरोना अपडेट : मई के महीने में मिले पॉजीटिव केस की जानकारी

| तारीख | पॉजीटिव |
|---|---|
| 01 मई | 110 |
| 02 मई | 190 |
| 03 मई | 138 |
| 04 मई | 140 |
| 05 मई | 132 |
| 06 मई | 173 |
| 07 मई | 137 |
| 08 मई | 101 |
| 09 मई | 97 |
| 10 मई | 112 |
| 11 मई | 105 |
| 12 मई | 69 |
| 13 मई | 96 |
| 14 मई | 70 |
| 15 मई | 73 |
| मई में पॉजीटिव केस | 1743 |
| अब तक कुल पॉजीटिव केस | 8852 |
| कुल एक्टिव मरीज | 1029 |
| कोविड सेंटर में भर्ती मरीज | 178 |
| होम आईसोलेशन में रखे मरीज | 851 |
| अब तक की गई सेम्पलिंग | 114807 |
| अब तक कुल नेगेटिव | 100244 |
| कोरोना से अब तक मृत्यु | 79 |
| 24 घंटे में ठीक हुए मरीज | 131 |
| अब तक ठीक हुए मरीज | 7744 |

**दिनांक 15 मई को जारी किया गया बुलेटिन**

# 9 प्रतिशत से नीचे आई संक्रमण दर

## मई में 10 हजार से ज्यादा लोगों की जांच, 1700 से ज्यादा पॉजीटिव केस

**कटनी।** 9 अप्रैल की शाम 6 बजे से कटनी जिले में लागू किए कोरोना कर्फ्यू के चलते कोरोना संक्रमण की दर हर दिन नीचे आती दिख रही है। लॉकडाउन को आज 36 दिन पूरे हो चुके हैं और इस दौरान पॉजीटिविटी रेट 40 प्रतिशत तक भी पहुंचा लेकिन राहत की बात यह है कि मई का आधा महीना बीतने के बाद अब इसमे गिरावट देखने को मिल रही है। अप्रैल की तुलना में कोरोना संक्रमण कर असर कम होता दिख रहा है। इसके बावजूद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा है। जिले में कोरोना संक्रमण से आज फिर राहत मिली। पिछले चार दिनों से पॉजीटिव केसों की संख्या शतक से नीचे आई है। 1 मई से 15 मई तक ऐसा पांचवी बार हुआ है। अप्रैल और मई के पहले सप्ताह की तुलना में दूसरे सप्ताह संक्रमण में कमी देखने को मिल रही है। इस दौरान हर दिन औसतन 700 लोगों की जांच की जा रही है। आबादी के लिहाज से भले ही सेम्पलिंग कम हो रही हो लेकिन हर दिन लिए जाने वाले सेम्पल की रिपोर्ट के मुताबिक संक्रमण की दर 10 प्रतिशत से नीचे आ गई है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग के पास निजी अस्पतालों में सीधे भर्ती होने वाले मरीजों का कोई रिकार्ड नहीं है। ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जो तबियत खराब होने के बाद सीधे निजी अस्पतालों में भर्ती हुए। जांच में उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई, लेकिन सरकारी आंकड़ों में उनका कोई जिक्र नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि लोगों द्वारा संक्रमण से बचाव के लिए बरती जा रही सावधानियों की वजह से ऐसा हुआ है। पिछले करीब 36 दिन से जिले में लागू लॉकडाउन के चलते लोग अपने घरों में है, जिसके चलते सामुदायिक संक्रमण फैलने पर भी रोक लगी है।

**9 हजार के करीब पहुंचा संकमित मरीजों का आंकड़ा, 7744 ने दी कोरोना को मात, अब तक 79 मौतें**

### 114807 की सेम्पलिंग, एक लाख से ज्यादा नेगेटिव

सीएमएचओ के हेल्थ बुलेटिन के मुतातबिक पिछले साल से लेकर अब तक जिले में एक लाख 14 हजार 807 लोगों की सेम्पलिंग की जा चुकी है। इसमे 1 लाख 244 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है जबकि 8 हजार 852 मरीज पॉजीटिव निकले हैं। इसमे 7 हजार 744 लोगों ने अब कोरोना संक्रमण को मात भी दी है।

### पिछले 24 घंटे में 73 नए पॉजीटिव केस

पिछले 24 घंटे में 836 सेम्पल की रिपोर्ट में 73 लोगों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 381 सेम्पल की रिपोर्ट में 54 और 455 सेम्पल की रिपोर्ट में 19 लोगों में संक्रमण पुष्टि हुई है। इस तरह जिले में आज संक्रमण की दर 8 प्रतिशत के आसपास रही।

**25 मई से 2 जून के बीच तापमान 44 डिग्री पार जाने की संभावना**

# इस बार तपा देगा नौतपा

**कटनी।** इस बार नौ तपा का प्रभाव अधिक रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक इसका प्रभाव इतना हो सकता है कि नौतपा की अवधि में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार जा पहुंचे। अगर मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक तापमान 44 डिग्री के पार जाता है तो नौ तपे के दिनों में बीते 10 सालों में पहली बार होगा। क्योंकि इस अवधि में औसत तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार नहीं पहुंच सका है। अगर ऐसा हुआ तो ये साल 2012 के बाद पहली बार नौ तपा में इतनी गर्मी होगी।

### इस तरह होता है साइक्लोन का असर

अप्रैल और मई माह को साइक्लोनी सीजन माना जाता है। इस दौरान हर माह एक.दो साइक्लोन आना आम बात है। अरेबियन सी में कम बनते हैं लेकिन इस बार यहां मजबूत साइक्लोन बन रहे हैं। इसके अलावा वे ऑफ बंगाल में भी साइक्लोन बन रहा है। ये दोनों सिस्टम पहले ही सक्रीय हो चुके हैं। इसके चलते उस अवधि में प्रदेश के अधिकतर इलाकों में बादल भी छाए और बारिश भी दर्ज की गई। साथ ही इस अवधि में तापमान भी अपने औसत स्तर से कम दर्ज हुआ लेकिन मौजूदा समय में किसी साइक्लोन की सक्रीयता न होने के कारण एक-दो दिन बाद तापमान में बढ़ोतरी आनी शुरु हो जाएगी। 24 मई से तापमान में बढ़ोतरी होना शुरु होगी।




### टूट सकता है इन 3 सालों का रिकॉर्ड

मौसम विभाग के मुताबिक इस बार 25 मई से 2 जून तक गर्मी ज्यादा रहेगी। शुरुआती दिनों में ये 44 डिग्री तक भी पहुंच सकता है। उन्होंने बताया किए नौ तपा की अवधि में अकसर साइक्लोन आते रहे हैं। यही कारण है कि पिछले 10 सालों से नौ तपा उतना अधिक गर्मी वाला नहीं रहा। इससे पहले साल 2015, 2018 और 2019 में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पहुंचा था लेकिन इस बार इन सालों का रिकॉर्ड टूटने का अनुमान है।

### पहले तीन दिन रहेगा ज्यादा असर

इस साल मई माह की अब तक की अविध में ही दो साइक्लोन आ चुके हैं। इस कारण इस बार नौ तपा में तापमान अधिक रहने का अनुमान जताया जा रहा है। विभाग के मुताबिक नौ तपा के पहले तीन दिनों का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के प्रबल आसार हैं। हालांकि अगर नौ तपा की अवधि में तापमान अधिक रहता है तो ऐसा भी माना जाता है कि अधिक तपने वाले इलाके में बारिश भी अधिक होती है। पहले सिस्टम और फिर लोकल गतिविधियों से बारिश अधिक हो सकती है।

### साइक्लोन के प्रभाव बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग ने इस बार तापमान में आने वाली इस अधिकता का कारण बताते हुए कहा है किए इस बार मध्य प्रदेश पर दो साइक्लोन अपने सुनिश्चित समय से पहले आ चुके हैं। यही कारण है कि इस बार 25 मई से 2 जून तक रहने वाले नौ तपे में तापमान अधिक रहेगा।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध - डॉ.बलदेव सिंह - MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन, पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल, हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध - डॉ. गगन सोनी - BDS डेंटल सर्जन, कटनी के सुप्रसिद्ध दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे - D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल - MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन - MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता - MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
दवाईयां एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग | हेल्पलाईन नं.8982275111 | उपलब्ध सुविधायें
मेडीसिन विभाग, हृदय रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, दंत रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, त्वचा एवं सौंदर्य विभाग, शिशु रोग विभाग, मस्तिष्क रोग विभाग, ट्रामा विभाग, कैंसर विभाग, फिजियोथेरेपी विभाग, प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
नार्मल डिलेवरी, सीजेरियन डिलेवरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, आई.सी.यू. वार्ड, सेमी. प्रायवेट वार्ड, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, हेयर ट्रांसप्लांट
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध | भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)